मथुरा वृन्दावन में गूंजे

मथुरा वृन्दावन में गूंजे राधे राधे नाम,
यही सहारा साथ चलेगा जपलो सुबह शाम
राधे रानी का नाम श्यामा प्यारी का नाम

याद करोगे राधा रानी पल में सन्मुख पाओगे
हरे गी सारी विपदा राधे भवसागर तर जाओगे
आता है कृष्णा से पेहले राधा का नाम
राधे रानी का नाम श्यामा प्यारी का नाम

हर मुश्किल के हल का बस इक राधे राधे नाम है
नाम सहारे बनते भगतो बिगड़े सारे काम है
नाम को तुम आधार बना लो ज्प्लो आठो याम
राधे रानी का नाम श्यामा प्यारी का नाम

कृष्णा प्यारी राधा रानी मन चाहा फल देती है
ईशा पूरी करती है और भगतो को सुख देती है
दीपक केहता नाम सुमीर लो आएगा ये काम
राधे रानी का नाम श्यामा प्यारी का नाम

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20189/title/mathura-vrindavan-me-gunje-radhe-radhe-nam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |